राज्यपाल सचिवालय
राजभवन , जयपुर

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर राज्यपाल ने दी बधाई

जयपुर, 6 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस (7 दिसम्बर) के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के शहीदों को नमन करते हुए जवानों और उनके परिजनों को बधाई दी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि आज का दिन हमारे सशस्त्र बलों के शौर्य और पराक्रम की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट करने का दिन है। उन्होंने इस अवसर पर आमजन से सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कोष में दिल खोलकर योगदान करने की अपील की है।

————

राज्यपाल की जवान श्री भगवानाराम की शहादत पर शोक संवेदना

जयपुर, 6 दिसम्बर । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सीकर जिले के दुगोली गाँव निवासी जवान श्री भगवानाराम नेहरा की बारामूला में शहादत पर नमन करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने ईश्वर से शहीद की पुण्यात्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को उनके बिछोह का दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

———